प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज,उ0प्र0

Prof. Rajendra Singh (Rajju Bhaiya) University, Prayagraj, U.P.

पत्रांक : प्रोरासिविवि/पनिका/2024– 312 दिनांक : 13 अप्रैल, 2024

सेवा में,

प्राचार्य/केन्द्राध्यक्ष,
सम सेमेस्टर परीक्षा सत्र 2023–24,
सम्बद्ध– प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषयः सत्र 2023–24 की सम सेमेस्टर परीक्षाओं में निर्धारित परीक्षा केन्द्रों को शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराए जाने हेतु सी0सी0टी0वी0 कैमरों के संचालन के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि उक्त परीक्षा केन्द्रों के प्रत्येक परीक्षा कक्षों में आगे व पीछे सी0सी0टी0वी0 कैमरा वायस रिकार्डर के साथ स्थापित होना अनिवार्य है।

अतएव, उपर्युक्त के दृष्टिगत निर्धारित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष/प्राचार्य से अनुरोध है कि सी0सी0टी0वी0 कैमरों की आई0डी0 एवं पासवर्ड से सम्बन्धित सूचनाएं कालेज लॉग–इन पर उपलब्ध गूगल फार्म पर दिनांक 14 अप्रैल, 2024 को दोपहर 12:00 बजे तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराकर विश्वविद्यालय नियंत्रण कक्ष से अनिवार्य रूप से जोड़ना सुनिश्चित करेंगे। परीक्षा की अवधि में कैमरों की अबाध संचालन हेतु विद्युत एवं इण्टरनेट की समुचित व्यवस्था की जाए। परीक्षा अवधि में सी0सी0टी0वी0 कैमरों का बन्द होना सामूहिक नकल की श्रेणी में रखते हुए महाविद्यालय परीक्षा केन्द्र के विरूद्ध आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। इसी के साथ यह भी सूचित करना है कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र अपने महाविद्यालय का भौगोलिक अक्षांश एवं देशान्तर (Latitude & Longitude) को भी अनिवार्य रूप से गूगल फार्म में भरना सुनिश्चित करेंगे। यदि किसी महाविद्यालय द्वारा दिया गया अक्षांश एवं देशान्तर (Latitude & Longitude) गलत पाया जाता है तो उस परीक्षा केन्द्र के ऊपर नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।

भवदीया,

डॉ0 (विनीता यादव)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मा0 कुलपति जी।
2. कुलसचिव।
3. उप कुलसचिव (परीक्षा)।
4. प्रभारी एजेन्सी को इस आशय से प्रेषित की उक्त पत्र को समस्त महाविद्यालयों की कालेज लॉगिन व विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।

परीक्षा नियंत्रक